देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरूवार 05.06.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में विशेष वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व किया। ''एक पेड़ मां के नाम'' के तहत बरगद का पौधा लगाया।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के प्रति संकल्पबद्ध होकर कार्य करने का आह्वान किया।
- विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जन–जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
- गंगा दशहरा पर हरिद्वार के विभिन्न गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान कर रहे हैं। गंगोत्री धाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

प्रधानमंत्री/पर्यावरण दिवस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के भगवान महावीर वनस्थली पार्क में विशेष वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व किया। श्री मोदी ने एक पेड़ माँ के नाम पहल के तहत बरगद का पौधा लगाया। यह पौधा अरावली ग्रीन वॉल परियोजना के तहत लगाया गया, जिसका उद्देश्य अरावली पर्वतमाला के 700 किलोमीटर क्षेत्र में पुनः वनरोपण करना है। इस परियोजना का उद्देश्य दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात सहित चार राज्यों के 29 जिलों में अरावली पर्वत श्रृंखला के आसपास के पाँच किलोमीटर के बफर क्षेत्र में हरित आवरण फैलाना है। इसका उद्देश्य वनरोपण, पुनर्वनीकरण और जल निकायों के जीर्णोद्धार के साथ अरावली की जैव विविधता को बढ़ावा देना है। इसका उद्देश्य क्षेत्र की मिट्टी की उर्वरता, जल उपलब्धता और जलवायु लचीलापन में सुधार करना भी है। यह परियोजना स्थानीय समुदायों को रोजगार और आय सृजन के अवसर प्रदान करके लाभान्वित करेगी।

मुख्यमंत्री पर्यावरण संरक्षण

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन के प्रति संकल्पबद्ध होकर कार्य करने का आह्वान किया है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा सभी की नैतिक एवं सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रदेशवासियों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए प्रेरणादायक अभियान– एक पेड़ मां के नाम से जुड़ने की अपील की। श्री धामी ने कहा कि यह न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि अपनी मां के प्रति प्रेम और सम्मान प्रकट करने का एक सुंदर माध्यम भी है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाएं और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

राज्यपाल पौधारोपण

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज राजभवन नैनीताल परिसर में पौधारोपण किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि स्वच्छ, सुंदर और संतुलित पर्यावरण न केवल वर्तमान पीढ़ी के लिए आवश्यक है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी यह एक स्वस्थ भविष्य की आधारशिला है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे प्रकृति के अमूल्य उपहार – जैसे वन, नदियाँ, पर्वत और जैव विविधता के संरक्षण के लिए मिलकर कार्य करें।

एमडीडीए

मसूरी देहरादून विकास प्राधिरकण के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने देहरादून में निर्माणाधीन आढ़त बाजार की समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने कार्य प्रगति की जानकारी दी। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि आढ़त बाजार कार्य में 60 प्रतिशत प्लॉटिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। श्री तिवारी ने निर्देश दिए कि एक माह में अवशेष प्लॉटिंग, एसटीपी, पार्किंग का कार्य पूरा करने के साथ ही हुडको से लिये जाने वाले लोन स्वीकृत कराये जाने की कार्यवाही को यथा शीघ्र पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी भू–खण्डों के लिए कन्ट्रोल डिजाइन तैयार किया जाए और आढ़त बाजार की दुकानों में एक रूपता का समावेश किया जाए। उन्होंने बाजार का निर्माण का कार्य पूरा करते हुए आवंटन से पहले लाभार्थियों के साथ एक संयुक्त रूप से बैठक करने की बात भी कही। साथ ही लाभार्थियों को आवंटन की कार्यवाही अगस्त माह तक किये जाने के निर्देश दिये गए।

पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जन–जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उत्तरकाशी जिले में प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करने की थीम पर विविध जन–जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम सहित जिले की सभी नगर निकायों, ग्राम पंचायतों और प्रमुख स्थलों पर पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गई। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों, महिला समूहों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, स्कूली बच्चों, युवाओं और नागरिकों ने स्वच्छ, हरित और सतत भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया। जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने जिला मुख्यालय में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने कीर्ति इंटर कॉलेज परिसर में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति भावनात्मक जुड़ाव को प्रोत्साहित किया। इसके अलावा जिले में पर्यावरण जागरूकता रैलियां निकालने के साथ ही वृहद स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। सार्वजनिक स्थलों, घाटों, विद्यालय परिसरों और बाजार क्षेत्रों में सफाई की गई और प्लास्टिक कचरे का निस्तारण किया गया।

पर्यावरण दिवस बागेश्वर

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर बागेश्वर जिले में फिट इंडिया अभियान के तहत साइकिल रेस और क्रॉस कंट्री दौड़ का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संदेश देना था। कार्यक्रम की शुरुआत भागीरथी बाईपास से हुई। जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रेस और क्रॉस कंट्री दौड़ को रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पर्यावरण को बचाने के लिए सामूहिक प्रयास करने होंगे और युवाओं को इस दिशा में सबसे आगे रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य सुधरता है, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय चेतना भी बढ़ती है।

गंगा दशहरा

गंगा दशहरा के पावन अवसर पर हरिद्वार में हर की पैड़ी सहित विभिन्न गंगा घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा स्नान कर रहे हैं। जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। उधर, इस अवसर पर गंगोत्री धाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। देश विदेश से आए तीर्थयात्रियों के साथ स्थानीय देव डोलियां भी कल शाम गंगोत्री धाम पहुंच गई थी। पुरोहित राजेश सेमवाल ने बताया कि आज सुबह प्रोहित समाज और गंगोत्री मंदिर समिति ने राजा भरत के विग्रह के साथ मां गंगा की पूजा अर्चना की और देश में सुख समृद्धि की कामना की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गंगा दशहरा के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामना दी हैं। उन्होंने इस अवसर पर गंगा स्नान के लिये आने वाले श्रद्धालुओं को भी इस पावन पर्व की बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीवनदायिनी गंगा का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। बिना गंगा व अन्य पावन नदियों के लोक जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस पावन अवसर पर हमें गंगा और अन्य नदियों के साथ ही सभी जल स्रोतों को पवित्र रखने में भी अपना योगदान देना होगा।

परीक्षा परिणाम

राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत चिकित्सा अधिकारियों के 220 पदों का अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। नव चयनित चिकित्सकों को शीघ्र ही पर्वतीय और दूरस्थ क्षेत्रों की चिकित्सा इकाइयों में तैनाती दी जायेगी। इन चिकित्सकों के आने दूरस्थ क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं और मजबूत होंगी और आम लोगों को स्थानीय स्तर पर उपचार मिल सकेगा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।